# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे “मिशन शक्ति अभियान-4” के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/‘‘शक्ति दीदी’’ द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

“मिशन शक्ति अभियान-4” व ‘‘शक्ति दीदी’’ अभियान के तहत आज दिनांक 09.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को “मिशन शक्ति” व ‘‘शक्ति दीदी’’ के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 09.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में महाकुंम्भ 2025 प्रयागराज को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग तथा बार्डर पर बैरियर लगाकर संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों की चेंकिग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपराध निरीक्षक सरधुवा श्री अंजनी कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री राजेश कुमार राय,उ0नि0 श्री मुन्नीलाल व उनकी टाम द्वारा मु0अ0सं0 211/17 धारा 147/149/323/504/506 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त 1.मोतीलाल पुत्र शिव अंबर 2.राजू पुत्र जवाहरलाल निषाद 3.जवाहरलाल निषाद पुत्र साधू निवासीगण ग्राम सरधुवा थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1.उ0नि0 श्री राजेश कुमार राय

2.उ0नि0 श्री मुन्नीलाल

3.मुख्य आरक्षी बृजेंद्र कुमार

4.आरक्षी राजकुमार

5.आरक्षी अतुल मिश्रा

6. आरक्षी राहुल पुरी

(4). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में टोल प्लाजा चौकी सीतापुर में ड्यूटी पर तैनात आरक्षी राज मंगल को रास्ते में एक पर्स मिला जिसमें एक आधार कार्ड व 8000 रुपये थे खोया पाया केन्द्र के माध्यम से जिस महिला का नाम आधार कार्ड पर अंकित था महिला के नाम से आवाज लगवाकर महिला गंगा देवी पत्नी गोपीचंद निवासी झंगी परमानंद कॉलोनी मुखर्जी नगर दिल्ली को बुलवाया गया जिसे देखकर महिला पहचान गयी। अपना गिरे हुए पर्स को पाकर महिला के चेहरे पर लौटी मुस्कान ,चित्रकूट पुलिस को कहा धन्यवाद ।

(5). आज दिनाँक- 09.02.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा थाना रैपुरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की साफ-सफाई व थाना कार्यालय में रजिस्टरों के उचित रख-रखाव, बंदीगृह,सीसीटीएनएस कार्यालय,प्रभारी निरीक्षक कार्यालय,महिला हेल्प डेस्क एवं मेस थाना परिसर का निरीक्षण किया गया। महाकुंभ पावन पर्व पर जनपद चित्रकूट में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये,अनावश्यक रूप से रोड पर खड़े वाहनों को हटवाने हेतु दिशा निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक रैपुरा श्री श्यामप्रताप पटेल,पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थिति रहें।

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में वाँछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता व उनकी टीम ने दहेज हत्या के 03 आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनाँक 07.02.2025 को वादी विपिन कुमार पुत्र जगदेव पटेल निवासी गटना थाना अजयगढ़ जिला पन्ना म0प्र0 द्वारा सूचना दिया गया कि मेरी पुत्री रवीना पटेल की शादी अनुज पटेल पुत्र नन्द किशोर निवासी चितरागोकुलपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट के साथ हुयी थी। शादी के पश्चात रवीना के पति,जेठ युवराज,शिवम,जेठानी ऊषा,ससुर नन्द किशोर व सास अज्ञात द्वारा दहेज के लिए प्रताड़ित करना दहेज की मांग पुरी न

होने पर मारपीट कर जलाकर हत्या कर देना । इस सूचना पर थाना कोतवाली कर्वी में मु0अ0सं0 77/2025 धारा 85,80 बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत किया गया। चौकी सीतापुर पुलिस द्वारा अथक प्रयास करते हुए आरोपी अभियुक्त 1.अनुज पटेल 2. युवराज 3. शिवम उर्फ शिवनरेश पुत्रगण नंदकिशोर उर्फ नंदू निवासीगण ग्राम चितरागोकुलपुर चौकी सीतापुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1.चौकी प्रभारी सीतापुर उ0नि0 श्री अनिल कुमार गुप्ता

2.आरक्षी अभिषेक प्रताप सिंह

3.आरक्षी रविन्द्र कुमार